27-April -JAS Bhoomi -pg-1_Layout 1 4/27/2024 8:28 PM Page 1

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 28 अप्रैल 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 36.2 डिग्री

4 मलेरिया मुक्त जिला होने की ओर अग्रसर रायगढ़, मरीज घटकर 130



## खबर संक्षेप

### जनजाति बड़े ही चाव से खाते है बेमता के अंडे



**जशपुरनगर।** स्थानीय जनजातीय बोली में आमतौर पर आम के पेड़ में पाए जाने वाले लालरंग की बड़ी चींटियों को बेमाता कहा जाता है। गर्मियों के मौसम में ये चींटियां पत्ते को चिपका कर अपना घोंसला बनाती है और इन घोंसलों में अंडे देती है। स्थानीय जनजाति के लोग इन अंडों को बड़े ही चाव से खाते है। इन अंडों को पाना इतना भी आसान नहीं होता स्थानीय आदिवासी इसे बड़े ही जुगाड़ से निकालते है। लंबे से हल्की छड़ी में प्लास्टिक का बोरा मुंह खुला रखते हुए बांध कर लाल चींटी के घोंसले को बोर के अंदर लेकर उसे हिलाते हुए सारे अंडे बोर में गिरे देते है। अंडे के साथ चींटियां भी गिरती है जो आक्रामक रूप से हमला करती है। नीचे धूप में रखने से चीटियां भाग जाती है और अंडे मिल जाते है। जिन्हे स्थानीय जनजाति के लोग सब्जी या चटनी के रूप में इस्तेमाल करते है। स्थानीय लोगों का कहना है की ये अंडे प्रोटीन से भरपूर होते है जिका स्वाद बेहतरीन होता है।

### बदसलूकी : ग्राम विस्तार अधिकारी निलंबित

**रामानुजनगर।** विकासखंड रामानुजनगर मुख्यालय कृष्णापुर के ग्राम विस्तार अधिकारी व एसएसटी प्रभारी विनीत पाण्डेय को कंट्रोल रूम में तैनात पुलिस कर्मचारियों के साथ देर रात फोन में गाली गलौज करने पर निलंबित कर दिया गया है। चांदनी नवाटोली एसएसटी प्रभारी विनीत पाण्डेय द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात पुलिस कर्मचारियों को रात्रि लगभग 12 से 12.35 तक लगातार बार-बार फोन कर गाली-गलौज किए जाने एवं उक्त तथ्यों की तस्दीक थाना प्रभारी से कराया गया तो पाया गया कि वेरियर ड्यूटी में तैनात स्टाफ को गाली-गलौज कर रहा था। संबंधित का समय रहते डॉक्टर से मुलाहिजा कराया गया जिसमें चिकित्सक द्वारा शराब पीने की पुष्टि की गई। अनुशासनहीनता का दोषी मानते हुए विनीत पाण्डेय, ग्राम विस्तार अधिकारी, मुख्यालय कृष्णपुर को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

### खुलेआम कटार लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** कोतवाली पुलिस ने खुलेआम कटार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 25 अप्रैल को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि प्रतापपुर रोड धोबी नाला के समीप एक संदिग्ध युवक कटार लेकर घूम रहा है और लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया और उसके पास से लोहे का कटार जब्त किया गया। इस मामले में पुलिस प्रतापपुर रोड धोबी नाला रोड निवासी 27 वर्षीय प्रभु दास को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, सउनि कृष्ण कुमार यादव, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, आरक्षक उपेंद्र सिंह शामिल रहे।

### अकेले घूम रहे दंतैल को पहुंचाया गया दूसरे जंगल

**अम्बिकापुर।** शहर के निकट कुल्हाड़ी जंगल में पिछले 10 दिनों से अकेले भ्रमण कर रहे दंतैल को वन विभाग ने कुमकी हाथियों की मदद से दूसरे जंगल पहुंचाने में सफलता पाई है। दंतैल को दुसरे जंगल तक पहुंचाने के लिए विभाग को लगातार तीन दिनों तक अभियान चलाना पड़ा। फिलहाल सरगुजा के जंगलों में हाथियों का कोई बड़ा दल सक्रिय नहीं है।

## एमएमआई रायपुर में हुआ सफल आपरेशन

# मुख्यमंत्री की पहल पर बीमारी से जूझ रहे ग्रामीण को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पेट की गंभीर बीमारी से जूझ रहे पालेश्वर राम (25 वर्ष) को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से नया जीवन मिला है। पालेश्वर के स्वजनों ने बताया कि पालेश्वर बीते एक साल से पेट की गंभीर बीमारी से ग्रसित था। उसके पेट में हमेशा दर्द रहता था। जिससे वह ना तो ठीक से खा पाता था और ना ही सो पाता था इससे उसकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी।

- ग्रामीण युवक की जान बचाने के लिए बंजारा समाज ने जताया सीएम का आभार

परिजनों ने पालेश्वर को स्थानीय अस्पताल लेकर गए। जहां, परीक्षण के बाद चिकित्स्कों ने बड़े अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। निजी अस्पताल मे जांच के बाद चिकित्स्कों ने आपरेशन की आवश्यकता बताई। लेकिन, आपरेशन का भारी खर्च ने, पालेश्वर के परिजनों के होश उड़ा दिया। बीते लगभग एक साल से पालेश्वर, इसी हालत में घर में ही पड़ा था। इस बीच पीड़ति पालेश्वर के स्वजनों ने सीएम कैम्प बगिया पहुंच कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पालेश्वर की जान बचाने उपचार में सहायता का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री साय की पहल पर रायपुर के नारायणा हॉस्पिटल में पालेश्वर की इलाज की व्यवस्था की गई। डॉक्टरो ने जांच मे पालेश्वर के पेंक्रिया और आंत में समस्या पाया। मुख्यमंत्री विष्णु साय के निर्देश पर नारायणा हॉस्पिटल ने पालेश्वर का सफल आपरेशन किया। फिलहाल, पालेश्वर स्वास्थ्य लाभ ले रहा है। पालेश्वर के आपरेशन का सारा भुगतान आयुष्मान कार्ड के माध्यम से किया गया है।



अस्पताल में उपचरार्थ भर्ती पालेश्वर।

# दुर्घटना में घायल को देखने हॉस्पिटल पहुंची विधायक गोमती



घायल से मिलने जिंदल हास्पिटल रायगढ़ पहुंची विधायक साय।

**फरसाबहार।** पत्थलगांव विधायक गोमती साय को कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दुलदुला मण्डल अध्यक्ष कपिल देव साय के परिजनों की एक्सीडेंट होने एवं जिंदल हॉस्पिटल रायगढ़ में ईलाज होने की सूचना मिलने पर रायगढ़ जिंदल हॉस्पिटल पहुंच कर कपिल देव साय के भांजा और भांजी के भेट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और शीघ्र स्वस्थ होने की मंगलकामना की। साथ मे जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता, महामंत्री भरत सिंह, ओम प्रकाश सिन्हा एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती ममता कश्यप उपस्थित रही।

## ट्रैक्टर रैली कर मतदाताओं को किया गया जागरूक

**जशपुरनगर।** शासन द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को कुनकुरी जनपद के सीईओ केके श्रीवास की अगुवाई में कुनकुरी विकासखंड के नारायणपुर से सुरू होकर रानीकोम्बो होते हुए बनकोम्बो तक मतदाता जागरूकता ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया गया।



कुनकुरी सीईओ की अगुवाई में किया गया मतदाताओं को जागरुक।

लोकतंत्र के इस महापर्व के पर ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का अपील करते हुवे उनकी सहभागिता पर प्रकाश भी डाला गया। इस रैली में बीस ग्राम पंचायतों के सचिवों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। जानना जरूरी है की कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को जिला कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी एवम जिला पंचायत सीईओ के दिशा निर्देश पर सीईओ जनपद पंचायत कुनकुरी के नेतृत्व में नारायणपुर से रानीकोम्बो एवम बनकोम्बो में मतदाता जागरूकता ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया गया था। मतदाता जागरूकता रैली नारायणपुर अटल चौक से शुरू होकर नारायणपुर बस्ती होते हुए जय स्तम्भ चौक, वन कार्यालय,थाना,रानीकोम्बो होते हुए बनकोम्बो के साप्ताहिक बाजार में समाप्त हुआ। इस दौरान दर्जन भर से ज्यादा ट्रैक्टर में लाउड स्पीकर लगा ग्रामीणों से मतदाता जागरूकता संबंधी अपील किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद सीईओ के.के.श्रीवास ने आह्वान किया कि मतदान के इस महापर्व पर आप सभी लोग स्वयं तथा अपने सभी सगे संबंधियों के साथ 7 मई को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें।सीईओ ने लोगों को समझाइश देते हुए कहा कि आप लोगों द्वारा किया गया एक एक मतदान एक अच्छी सरकार एवं एक अच्छे प्रतिनिधि का चुनाव करती है।

### भाटिया के खिलाफ महिला उत्पीड़न का मामला दर्ज

**जशपुरनगर।** जोगी कांग्रेस के नेता द्वारा महिला शिक्षिका से छेड़-छाड़ और अश्लील हरकतें करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के मुताबिक आरोपी बीते कई महीनों से उसके पीछे पड़ा हुआ था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है। सूत्रों से पता चला है कि पत्थलगांव रहवासी हैप्पी भाटिया खुद को जोगी कांग्रेस का नेता बताता है। पीड़िता के मुताबिक एक बार हिम्मत कर उसने आरोपी को इन सब हरकतों से मना किया तो आरोपी नाराज हो गया और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। परंतु इससे आरोपी का हौसला और बढ गया। थक-हारकर उसने अपने पति और परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दी। जिसके बाद उन्होंने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई। पीड़ति की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 354 घ, 509 ख, 294 तथा 506 ब के तहत अपराध दर्ज किया गया है। एसडीओपी ध्रुवेश जायसवाल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला सुरक्षा के संबंध में प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## डीपीएस प्रायमरी बालाजी में परिणाम घोषित

**जशपुरनगर।** डीपीएस प्रायमरी बालाजी में शनिवार को वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधन ने शिक्षकों व विद्यार्थियों को शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी है। विद्यालय में बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए अभिभावकों के साथ बच्चों को विद्यालय में बुलाकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्य जयंती सिन्हा और डायरेक्टर सुनीता सिन्हा द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना डांस और इंपॉर्टेंट ऑफ एजुकेशन में स्पीच दिया गया। इसके पश्चात विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती जयंती सिन्हा ने स्कूल की सालाना गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला।

- सालाना गतिविधियों पर हुई चर्चा




बच्चों को सम्मानित करते शिक्षक।

### विद्यार्थियों व शिक्षकों की मेहनत का परिणामः एमडी

विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर ओमप्रकाश सिन्हा ने शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों सहित सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह शानदार परिणाम विद्यार्थियों और शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करने के साथ ही शिक्षकों को इसी तरह से अपना काम निष्ठा और जिम्मेदारी से करने को प्रेरित किया।

बच्चों द्वारा वर्ष भर की गई गतिविधियां जो पढ़ाई का ही एक हिस्सा हैं, उसके द्वारा यह बताने का प्रयास किया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों का भी स्थान है। हर शनिवार को होने वाली यह गतिविधि बच्चों के अंदर सहायता की भावना, ईमानदारी की भावना, सीखने और सीखाने की भावना, आत्मनिर्भरता की भावना का विकास करता है।

## निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना हम सबका दायित्व : डॉ. अंशज



अधिकारियों को शपथ दिलाते प्रेक्षक सिंह।

**जशपुरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायगढ़ क्षेत्र 02 लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.अंशज सिंह और व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिले के विधानसभा क्षेत्र जशपुर, कुनकुरी और पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र के लिए कानून-व्यवस्था एवं निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ,पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, डीएफओ जितेन्द्र कुमार उपाध्याय, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार साहू, सर्व एसडीएम, सहित संबंधित विभाग के नोडल अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ रवि मित्तल तथा अन्य नोडल अधिकारियों ने लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान संपन्न कराने की जा रही तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रेक्षक डॉ.अंशज सिंह ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी रहकर शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना हम सबकी जिम्मेदारी है।

## सामान्य प्रेक्षक ने किया कंट्रोल रूम व एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण



कंट्रेल रुम का निरीक्षण करते अधिकारी।

**जशपुरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा रायगढ़ क्षेत्र अंतर्गत जशपुर जिले के तीनों विस जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव विधानसभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.अंशज सिंह ने रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत निर्वाचन संबंधी शिकायतों हेतु बनाए गए कंट्रोल रूम तथा मीडिया अनुप्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का आकस्मिक अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ रवि मित्तल, पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह,डीएफओ जितेन्द्र कुमार उपाध्याय, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम, मीडिया अनुप्रमाणन और मीडिया अनुवीक्षण इकाई (एमसीएमसी), वीडियो अवलोकन कक्ष, सी-वीजिल- कंट्रोल रूम, का अवलोकन किया। डीआईओ संजय खाखा ने नियंत्रण कक्ष में मॉनिटरिंग हेतु टीम द्वारा की जा रही कार्यवाही की जानकारी दी। उन्होंने एमसीएमसी इकाई की टीम प्रतिदिन के अखबारों, टीव्ही चैनलों, सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा की जा रही प्रचार संबंधी सामग्रियों को चिन्हित कर पेड न्यूज के प्रकरण हेतु प्रेषित करने कहा। उन्होंने निर्वाचन के दौरान भ्रामक खबरों तथा विज्ञापनों पर भी नजर रखने के निर्देश दिए।

## मनोरा व सोनक्यारी में महतारी वंदन हितग्राहियों का अभिन्दन



महिलाओं को संबोधित करते विधायक रायमुनी भगत।

**जशपुरनगर।** लोक सभा चुनाव के लिए पार्टी हाई कमान द्वारा निर्धारित कार्य योजना के तहत भाजपा शक्तिकेंद्र स्तर पर महतारी वंदन योजना के लाभार्थी महिलाओं का अभिन्दन कर रही है। समारोह में पार्टी के विधायक और प्रमुख जनप्रतिनिधि इन दिनों शक्ति केंद्र स्तर पर महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के अभिन्दन समारोह का आयोजन कर रही है। समारोह में महतारी वंदन योजना के अंतर्गत किश्त प्राप्त कर चुकी महिलाओं का फूल माला से अभिन्दन कर योजना की राशि से परिवार को मिले लाभ का अनुभव सुन रहे है। इस समारोह में भाजपा के जन प्रतिनिधि महिलाओ को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के साथ पार्टी की घोषणा पत्र मे मोदी की गारंटी की जानकारी भी दे रहे है। बीते दो दिन मे भाजपा ने मनोरा, सोनक्यारी मे समारोह का आयोजन किया। जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने महिलाओ को बताया कि नारी सम्मान और सशक्तिकरण भाजपा की पहली प्राथमिकता है। यहीं कारण है की भाजपा महतारी वंदन के माध्यम से महिलाओ को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। ताकि उन्हें अपनी जरूरतों के लिए किसी पर निर्भर ना होना पड़े। उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया कि कार्यक्रम में पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, मनोरा मण्डल श्याम लाल भगत, सोनक्यारी प्रभाकर यादव, कृपा शंकर भगत आदि उपस्थित थे।

## कॉलेजों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

# छात्राओं ने रंगोली बनाकर दिया मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आगामी लोकसभा निर्वाचन में जिले के मतदाता बढ़-चढ़कर मतदान करे, इस हेतु हर स्तर पर गतिविधियाँ जारी है। स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता के लिए स्कूल, कॉलेजों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिसमें छात्र-छात्राएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रह हैं।

- स्लोगन और क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, दिलाई गई शपथ

इसी कड़ी में आज शासकीय बाला साहेब देशपांडे महाविद्यालय, कुनकुरी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत रंगोली व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं द्वारा आकर्षक रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को प्रेरित किया गया। साथ ही सभी को शत-प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। वही स्लोगन लेखन के जरिए 7 मई को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लिए जागरूक किया गया। इसी तरह स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत शासकीय विजय भूषण सिंह देव गर्ल्स कॉलेज, जशपुर में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी भागीदारी दिखाई। साथ ही नए युवा मतदाताओं को मतदान संबंधी जानकारी देते हुए आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। इसी तरह जश प्रण मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत नगर पंचायत पत्थलगांव में लक्ष्मी स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली के जरिये सभी मतदाताओं को मताधिकार का महत्व बताते हुए मतदान के प्रति जागरूक किया गया। भ्रमण के दौरान महिलाओं ने बैनर, पोस्टर और स्लोगन के साथ लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए स्वीप गतिविधि जारी है। जिसके जरिए सभी को लोकतंत्र में सहभागिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है।




रंगोली बनाकर मतदाताओं को जागरूक करती छात्रा।

### गेहूं फसल में लगी आग 50 हजार का नुकसान

**अम्बिकापुर।** खेत में आग लग जाने से मिसाई के लिए काटकर रखे गेहूं फसल सहित खेत के खड़ी फसल में आग लग गई। आगजनी से लगभग 50 हजार की गेहू फसल जलकर खाक हो गई। पीड़ित किसान ने गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा सुनियोजित तरीके से आग लगाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आगजनी का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बिल्हमा निवासी रामकुमार आ. बाबू लाल बरगाह (29 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि इस वर्ष जनवरी माह में गांव के ही कुंज बिहारी सोनी का एक एकड खेत को अधिया में लेकर गेहूं फसल लगाया था। गेहूं फसल को पकने के बाद काटकर खेत में इकट्ठा कर के रखा था।

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरूआत!
GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute
आप NEET STUDENT कहां जा रहे हो,
मैनें तो अपना रिजल्ट GOAL से ही बनाया हैं।



“ मैं डॉक्टर मनोज चंद्राकर (MBBS-MD, Director of Chandrakar Nursing Home, Bilaspur) जब भिलाई आकर गोल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर रंजीत सर से मिला था तब तत्कालीन गोल से कोचिंग कर मेरा ऑल इंडिया रैंक 283 आया था और मुझे BJ Medical College, अहमदाबाद में एडमिशन मिला था। आज मैं जब भिलाई आया तो रंजीत सर की याद आई और मैं सर से मिलने गोल इंस्टीट्यूट आ गया। सर मुझे देख कर बहुत खुश हुए और विनम्रतापूर्वक अपने अंदाज में पूछा, ‘आप कैसे हैं और आपका हॉस्पिटल सेवा भाव कैसा है? मैंने कहा आज पीडिया में बच्चों का डॉक्टर बन बहुत अच्छा कर रहा हूँ, फिर रंजीत सर ने कहा कि बहुत समय के बाद आए हैं तो गोल के ड्रापर NEET 2024 के Aspirant से मिल लीजिए और उन्हें प्रोत्साहित कीजिए, फिर मैं NEET-2024 Aspirant से मिला और सभी छात्रों को मोटिवेट किया। आज ‘गोल’ में दी गई सुविधाएं जैसे कि एसी क्लास रुम, लाइब्रेरी, 20 से ज्यादा Best Faculty टीम और हॉस्टल को देखकर बहुत अच्छा लगा। हमारे समय में इतनी व्यवस्था नहीं थी पर तब भी गोल संस्थान में हमारे बैच में 15 छात्र थे और सभी का गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में चयन हो गया था।”

ADMISSION OPEN
FOUNDATION 11th & 12th for Board, NEET / JEE
DROPPER BATCH NEET / JEE 2025 Registration Open
GOAL FAMILY WISHING YOU All The Best for Your NEET-2024

BHILAI 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
BHILAI 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100
RAIPUR BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711

## खबर संक्षेप



### सारंगढ़ बिलाईगढ़ में डाकमत से मतदान शुरू

**सारंगढ़।** कलेक्टर कार्यालय और सेजेस सारंगढ़ में 26 अप्रैल से जिला स्तरीय डाक मत से वोट देने का सिलसिला शुरू हुआ है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार निर्वाचन कर्तव्य पर अधिकारी, कर्मचारी, अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं तथा अनुपस्थित मतदाताओं को डाक मत पत्र के माध्यम से सुविधा केंद्र में मतदान करने का प्रावधान किया गया है जिला प्रशासन द्वारा इस कड़ी में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय सारंगढ़ में 26, 27 और 28 अप्रैल को शासकीय अधिकारी, कर्मचारी के लिए डाक मत पत्र से वोट देने का सुविधा सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक दिया गया है। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक कार्यालय सारंगढ़ में 29 और 30 अप्रैल 2024 को पुलिस गृह विभाग के अधिकारी कर्मचारी के लिए यह सुविधा सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक दिया गया है। अनिवार्य सेवा के कर्मियों के लिए कलेक्टर कार्यालय परिसर सारंगढ़ में डाक मत पत्र से मतदान करने की सुविधा 26 अप्रैल से 6 मई तक सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक दिया गया है।

### बीजेपी प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को शोकाज

**रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 2 रायगढ़ में 25 अप्रैल को व्यय प्रेक्षक की अध्यक्षता में व्यय लेखा पंजी के जांच हेतु आयोजित बैठक में राधेश्याम राठिया के द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि द्वारा व्यय लेखा प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तुत अभ्यर्थी व्यय रजिस्टर में 709142 का व्यय अंकित किया गया है, जबकि छाया अवलोकन पंजी में 1386246 रुपए व्यय दर्ज किया गया है। राधेश्याम राठिया द्वारा संधारित अभ्यर्थी व्यय रजिस्टार में दर्ज न्यूनोक्ति राशि 677104 रुपए के संबंध में 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण रिटर्निंग ऑफिसर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 2 रायगढ़ के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु कहा गया है।

### पेट्रोल चोरों के आतंक से अतरमुड़ा में दहशत

**रायगढ़।** शहर के चक्रधर नगर स्थित अतरमुड़ा इलाके में इन दिनों रात के अंधेरे में ऐसा गिरोह सक्रिय हैए जो नींद में गाफिल लोगों के मकान की दीवार फांदकर बाईक से पेट्रोल उड़ाने में संलिप्त है। हैरत की बात यह है कि पेट्रोल चोरी करने वाले कोई और नहींए बल्कि कम उम्र के युवा हैं। यही वजह है कि पेट्रोल चोरों की हरकतों से लोग दहशत में हैं। बीती रात करीब डेढ़ बजे एक सरकारी मुलाजिम के घर में भी पेट्रोल चोरों ने धावा बोलते हुए खड़ी मोटर सायकिल से पेट्रोल चोरी की। गनीमत रही कि सरकारी कर्मी ने सुरक्षा के लिहाज से अपने घर के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगा रखा है और चोरों की गतिविधियां उसमें रिकॉर्ड हो गई। सीसीटीवी फुटेज में 3 युवक दिखाई दे रहे हैंए जो घर की दीवार को फांदते हुए परिसर में खड़ी बाइक से पेट्रोल निकालकर रफू चक्कर हो रहे हैं। इसी तरह की कई घटना अतरमुड़ा क्षेत्र में लगातार होने से लोग सब अपने आपको असुरक्षित समझने लगे हैं। यही नहींए लोग अब इस बात से भी डरने लगे हैं कि अगर पेट्रोल चोरी करने के दौरान चोर युवकों पर किसी की नजर पड़ती है।

### जहर खाकर युवक ने की खुदकुशी

**रायगढ़।** एक युवक ने शराब के नशे में कीटनाशक का सेवन कर लिया, जिसे अस्पताल आते समय मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जूटमिल थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गढ़उमरिया के आश्रित ग्राम बोंदाटिकरा निवासी सद्दुदीन अंसारी पिता सिराजुद्दीन अंसारी 24 वर्षद्ध रोजी मजदूरी करता था। ऐसे में बुधवार को भी मजदूरी करने गया था और शाम को जब घर लौटा तो शराब के नशे में टून्न था। ऐसे में जब रात में घर के परिजन सो गए तो उसने कीटनाशक का सेवन कर अपने कमरे में सो गया। इस दौरान गुरुवार को सुबह परिजन कमरे में गए तो देखे कि वह बेसुध पड़ा थाए जिससे उसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर पहुंचे।

## विश्व मलेरिया दिवस पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला

# मलेरिया मुक्त जिला होने की ओर अग्रसर रायगढ़, मरीज घटकर 130

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीके चंद्रवशी की उपस्थिति में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ.टीजी कुलवेदी, जिला मलेरिया अधिकारी ने शहरी क्षेत्र से आये सभी एएनएम आरएच ओ एसीएचओ तथा अन्य विभाग के कर्मचारियों को मच्छर के प्रजाति से लेकर मलेरिया से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया।

सीएमएचओ डॉ. चन्द्रवंशी ने उपस्थित सभी कर्मचारियों को मलेरिया शंकास्पद जांच की ओर विशेष ध्यान देने एवं पॉजीटीव केस आने पर तत्काल इलाज कर फालोअॅप करते हुए मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। जिले के पिछले 7 साल के आकड़ों वर्ष 2017 में 2692 केस, वर्ष 2018 में 1055 केस, वर्ष 2019 में 824 केश केस, वर्ष 2020 में 363 केस एवं वर्ष 2021 में 155 केश एवं 2022.23 में 133 केस पर गौर करेगें तो मलेरिया के प्रकरणों में लगातार वृहद कमी आई है। उन्होंने कहा कि सतत प्रयास करते रहने से एवं जनमानस के सहयोग से बहुत जल्द ही रायगढ़ जिले को मलेरिया मुक्त जिले के रूप में घोषित कर सकेंगे। शासन की मंशा है कि छत्तीसगढ़ राज्य को वर्ष 2030 तक मलेरिया मुक्त राज्य के रूप में घोषित किया जा सके। उक्त बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पीडी बस्तिया, व्हीबीडीटीएस गौतम प्रसाद सिदार एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

इस दौरान मलेरिया कार्यक्रम की रूपरेखा सन 1953 से लेकर राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम 2004 से अब तक की मलेरिया उन्मूलन हेतु किए गए संपूर्ण भारतवर्ष में मलेरिया प्रकरणों की खोज एवं निदान कार्यों का विवरण बताया गया, जिससे मलेरिया को नियंत्रण किया जा सके। जिले के समस्त विकासखण्डों को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर बैनर, पोस्टर, एवं अन्य संदेश के माध्यम से निचले स्तर पर प्रचार प्रसार करते हुए विश्व मलेरिया दिवस मनाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके साथ ही रायगढ़ के शहरी क्षेत्र एवं समस्त विकासखण्ड में विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जन जागरूकता एवं प्रचार प्रसार हेतु ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्डों में नारा लेखन एवं बैनर पोस्टर का प्रदर्शन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य में विगत वर्षो के आकड़ो को मद्देनजर रखा जाए तो पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में मलेरिया प्रकरणों में वृहद कमी देखने को मिली है, साथ ही रायगढ़ जिला में भी विगत पाँच वर्षों से मलेरिया के केश में कमी पायी गई है। रायगढ़ जिले के 7 विकासखण्डों में से अति संवेदनशील चार विकासखण्डों में विशेष ध्यान देने की जरूरत रहती है।




कार्यशाला में मौजूद जिला मलेरिया अधिकारी व अन्य चिकित्सक।

## लिप्ती में उल्टी दस्त का प्रकोप शिविर लगाकर इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

महानदी के तट पर स्थित ग्राम पंचायत लिप्ती में उल्टी दस्त की शिकायत होने पर स्वास्थ्य विभाग ने गांव में शिविर लगाकर उपचार किया। बताया जाता है कि मौसम में बदलाव होने के कारण लोगों के स्वास्थ्य में विपरीत असर पड़ा है। इसके कारण विकासखंड बरमकेला के ग्राम पंचायत लिप्ती में बुधवार को दोपहर 1 बजे उल्टी दस्त की शिकायत होने पर गांव में हड़कंप मच गया। गांव के सरपंच प्रतिनिधि ने इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को दी। जहां स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल शिविर लगाया। जिसमें गंभीर मरीजों को सरिया एवं बरमकेला अस्पताल में भर्ती का उपचार किया गया। दूसरे दिन भी ग्राम लिप्ती में स्वास्थ्य विभाग की शिविर लगने से स्थिति नियंत्रण में है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया के प्रभारी डारूमनोज चौधरी ने बताया कि गांव लिप्ती में उल्टी दस्त शिकायत मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कैंप लगाया गया। जहां मरीजों का उपचार किया गया। एवं गंभीर मरीजों को सरिया एवं बरू अस्पताल रेफर किया गया। जहां वर्तमान में सभी मरीज स्वस्थ हैं। और स्थिति नियंत्रण में है। सरपंच प्रतिनिधि गौतम बारिक ने बताया कि मौसम के बदलाव के कारण हमारे गांव में उल्टी दस्त की शिकायत हुई। स्वास्थ्य विभाग ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल शिविर लगाया एवं गंभीर मरीजों को सरिया एवं बरमकेला रेफर किया गया। वर्तमान में हमारे गांव में उल्टी दस्त नियंत्रण में है तथा सभी स्वस्थ हैं।



### लगा शिविर

लिप्ती में बुधवार को उल्टी दस्त की शिकायत होने पर कैंप लगाया गया और मरीज का उपचार किया गया। जिसमें गंभीर मरीज को सरिया एवं बरमकेला रेफर किया गया तथा गांव में ही अन्य लोगों का उपचार कर छुट्टी दे दी गई। स्थिति नियंत्रण में है।

डॉ मनोज चौधरी
प्रभारी, पीएचसी सरिया

## विविध मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत निकाली गई तिरंगा यात्रा

**सारंगढ़।** सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत छिंद में गुरुवार की शाम को विधानसभा स्तरीय वृहद मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का समारोह पूर्वक आयोजन किया गया। कलेक्टर एवम जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू, पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, स्वीप जिला नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में दिव्यांग और सियान मतदाताओं को शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लेक्टर और पुलिस अधीक्षक द्वारा छत्तीसगढ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया। ततपश्चात सभी अतिथियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक के रूप में ग्रीन बुके भेट कर आत्मीय स्वागत किया गया। अतिथियों की आगवानी एनआरएलएम समूह की दीदियों और स्काउट गाइड द्वारा स्वीप तिरंगा यात्रा के जोशए उमंग और हर्षोल्लास साथ की गई और सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति की गई। कलेक्टर श्री साहू ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया। यहां ग्राम छिंद एवं आसपास गांव के दाई, दीदी, भैया मन ल जय जोहार। एक भी मतदाता लोकसभा चुनाव में नहीं छूटना चाहिए। सभी उत्साह पूर्वक अपने पसंद के उम्मीदवार को बिना कोई लालच, भय, दबाव के वोट देवे। आप सभी की कोशिश होनी चाहिए कि हर हालत में अपने परिवारए आस पड़ोस सहित सभी मतदाता मतदान करें। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के 25 नववधु मतदाताओं को कलेक्टर द्वारा स्वीप सुहागन किट प्रदाय किया गया। समस्त सियान, दिव्यांग मतदाताओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण सह औषधियों की व्यवस्था स्वास्थ्य और आयुष विभाग द्वारा की गई। कलेक्टर एवं एसपी द्वारा शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ संकल्प दिलाया गया।



### वाहन की अनुमति रिटर्निंग कार्यालय से

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर कार्तिकेया गोयल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की अवधि के दौरान निर्वाचन लडने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को संसदीय क्षेत्र क्रमांक 02 रायगढ़ जजा के संपूर्ण क्षेत्र के लिए रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से वाहन अनुमति दिए जाने हेतु सुश्री संतन देवी जांगड़े अतिरिक्त कलेक्टरध्नोडल अधिकारी कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था अनुमति को ऑनलाईन ऑफलाईन अनुमति दिए जाने हेतु अधिकृत एवं आदेशित किया है।

वाहन अनुमति हेतु लगेंगे ये दस्तावेज वाहन अनुमति हेतु अभ्यर्थियों को अनिवार्य रूप से निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना होगा। साथ ही वाहन का रजिस्ट्रेशन दस्तावेज की छायाप्रति, वाहन चालक का डीएल की छायाप्रति, राजनीतिक दल प्राधिकार पत्र आर्थॉरिटी लेटर निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा आवेदन किए जाने पर वाहन का बीमा पत्रक जमा करना होगा।

## कार सवार परिवार के साथ मारपीट करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**सरसींवा।** नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ थाना भटगांव का मामला है। प्रार्थी प्रियांशु जांगडे निवासी सरसींवा अपने कार से मेला देखकर परिवार सहित घर जा रहे थे। कि देवसागर रोड बिच रास्ते में एक मोटर सायकल में सवार 04 चार व्यक्तियों द्वारा नशे के हालत में रास्ता रोकते हुए पत्थर, ईंट से शीशा को फेंक कर मारा है गाडी रोकने पर गाली गलौच करते हुए डंडा से गाडी को मारकर पिछे एवं दांये साईड शीशा को फोड कर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया है जिसके संबंध में एक लिखित आवेदन पेश किया है। आवेदन पर एक मोटर सायकल में सवार फरार 04 चार व्यक्तियों के द्वारा अपराध का घटित करना पाये जाने से अपराध क्रमांक 93/2024 धारा 341,294,427,323,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर दिए गए दिशा निर्देश को अमल करते हुये थाना स्तर पर टीम गठित कर सउनि अमृत भार्गव के नेतृत्व में चारों फरार आरोपीयों का पता तलाश किया गया। पतासाजी दौरान जानकारी मिली की ग्राम सलौनीखुर्द के चार व्यक्ति घटना कारित किए है जिन्हें उनके निवास पर जाकर घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया। जिन्होंने अपना नाम रामकुमार यादव पिता बाबुलाल यादव उम्र 32 वर्ष रविकुमार पिता सुदर्शन यादव उम्र 27 वर्ष तथा अपने साथ दो विधि से संघर्षरत बालक सभी निवासी सलौनीखुर्द, के द्वारा घटना करना स्वीकार किए है जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त सोल्ड मोटर साइकिल डिस्कवर को जब्त किया गया है।



## फायर ब्रिगेड और जैव अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशाला

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बीके चंद्रवंशी की उपस्थिति में अग्निशमक यंत्र का उपयोग, जैव अपशिष्ट प्रबंधन एवं निपटान ऑक्सीजन टेक्निकल समिति की बैठक सह एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अग्निशमन विभाग द्वारा जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जिला अस्पताल के अधिकारी कर्मचारी को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें उन्हें फायर एक्जिक्युटर के द्वारा भौतिक रूप से आग बुझाने की तकनीकी बताई गई। हास्पिटल के प्रत्येक दिशा में एक निश्चित अनुपात में फायर एक्जिक्युटर लगाने के दिशा निर्देश दिए गये एवं अस्पतालो में फायर एनओसी प्राप्त करने के संबंध में आने में वाले कठिनाइयों के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई जिससे अग्निशमन विभाग के दिए गए दिशा निर्देशानुसार जरूरी उपकरणों को स्थापित करते हुए एनओसी प्रक्रिया पूर्ण किया जा सके। जैव अपशिष्ट प्रबंधन एवं निपटान के संबंध में सीएमएचओ द्वारा समस्त विखं चिकित्सा अधिकारी, विखं कार्यक्रम प्रबंधक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए अवगत कराया गया कि सभी स्वास्थ्य संस्था, जैव अपशिष्ट का प्रधिकार एवं रिनूवल का कार्य पूर्ण कर लेवे साथ ही अस्पतालों में उत्पन्न होने वाले जैव अपषिष्ट का निपटान नियमानुसार करें। नियमानुसार ही डस्टबीन लाइनर, डीप पीट, शार्प पीट इत्यादि का उपयोग करें।



## 50 लीटर शराब, सामग्री और बाइक जब्त

**सारंगढ़।** आबकारी आयुक्त सह सचिव आर संगीता एवं कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता बिलासपुर विजय सेन शर्मा एवं जिला आबकारी अधिकारी सोनल नेताम के मार्गदर्शन में ग्राम गस्त के दौरान आबकारी विभाग को सूचना मिली की ग्राम हरदी से गिरसा की ओर एक व्यक्ति जो की बिना नंबर प्लेट की दो पहिया वाहन स्कूटी पकड़ा हुआ है और उसमें एक जूट बोरे में कच्ची महुआ शराब को रखा है तथा तेजी से पीपरभौना गांव से गिरसा की ओर जा रहा है।

सूचना प्राप्त हुई तत्काल टीम के साथ ग्राम गिरसा पिपरभौना मार्ग पर गए हमारे वाहन को आता देख कर अज्ञात वाहन चालक तेजी से वाहन को मोड़कर वापस जाने लगा उसका पीछा किया गया पीछा करने पर वाहन चालक ने तेजी से वाहन को एक सकरी गली में ले जाया गया जहा पर पैदल ही टीम के द्वारा वाहन का पीछा किया गया। अज्ञात वाहन चालक ने वाहन को खेत को पार कर नाले के पास वाहन एवम उसमे रखी सामग्री को छोड़कर भाग गया। अंधेरे के कारण उस चालक का पता नही लगा। तब टीम के साथ वहां पर उपस्थित वाहन एवम उसमे रखे सामग्री की विधिवत तलाशी ली गई तलाशी में वाहन में नंबर प्लेट नही लगा होना पाया एवम वाहन के सामने जूट के बोरे में सफेद रंग की पालीथिन झिल्ली में भरा लगभग 40 लीटर तथा वाहन के सीट के नीचे डिग्गी में भरा 05-05 लीटर के दो पालीथीन में भरा 10 लीटर कुल प्राप्त मदिरा 50 लीटर कच्ची महुआ शराब को बरामद किया गया मौके पर प्राप्त वाहन एवम मदिरा को जप्त कर विधिवत कब्जा आबकारी लिया गया है सअज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(2) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है वाहन चालक एवम स्वामी की पतासाजी की जा रही है।



### लोकतंत्र निर्माण के लिए जरूर करें मतदान

**सरिया।** लोकतंत्र की रक्षा के लिए हम सबको संविधान द्वारा मतदान का अधिकार मिला है जिसके चलते हम एक ऐसे व्यक्ति का चयन कर सकते हैं जो हमारे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करे। इसलिए हमें मतदान अवश्य करना चाहिए। मैं अपने मतदान के अधिकार से एक ऐसे प्रतिनिधि का चयन करना चाहूंगा जो हमारे राष्ट्र को बाह्य तथा आंतरिक दोनों ओर से मजबूत बनाएं तथा राष्ट्र के हर एक व्यक्ति के साथ बिना किसी भेदभाव के निष्पक्ष रूप में न्याय करे। उक्त विचार वीरता पुरस्कार प्राप्त छात्र के है।

## साफ्टवेयर खराब, डेढ़ हजार जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र लंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

साफ्टवेयर में अपडेट होने के बाद कई तरह की तकनीकी खामियां सामने आ रही हैं। जिसकी वजह से नगर निगम में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। बीते करीब एक माह से करीब 1 हजार 500 से अधिक आवेदन लंबित होने की बात कही जा रही है। हालांकि इस साफ्टवेयर में आने वाले समस्याओं को दुरूस्त करने को लेकर भी अमला लगा हुआ है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इस साफ्टवेयर में कई तरह के बदलाव के साथ ही साफ्टवेयर को अपडेट किया गया है। नए वर्जन के साफ्टवेयर को संचालित करने के लिए निगम के संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। चूंकि यह साफ्टवेयर में नया और इसमें आने वाली तकनीकी खामियों को किस तरह से दूर करना है। यह संबंधित विभाग के लिए चुनौती बनी हुई है। हालांकि बताया जा रहा है कि रायगढ़ नगर निगम सहित प्रदेश के अन्य 13 नगर निगमों में भी यही हाल है। बताया जा रहा है कि साफ्टवेयर में आने वाले समस्याओं से निपटने के लिए प्रदेश स्तर में काम चल रहा है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनो में साफ्टवेयर में आई तकनीकी खामियों को दूर कर लिया जाएगा।

### हर दिन आते हैं 50 आवेदन

इस संबंध में बताया गया कि जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए हर दिन करीब 40 से 50 आवेदन प्राप्त होते हैं। अब साफ्टवेयर में तकनीकी खामियों की वजह से फिलहाल एक माह से प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। ऐसे में लोगों को प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।


### सुधार के बाद काम में तेजी

बताया जा रहा है कि साफ्टवेयर के दुरूस्त होने के बाद काम में तेजी आएगी। प्रमाण पत्र बनाने में समय नहीं लगेगा। वहीं एक सप्ताह के भीतर ही लोगों को प्रमाण पत्र मिल जाएगा।

## पशुक्रूरता मामले में 7 आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत पशुक्ररता के मामले में संलिप्त 7 आरोपियों को कापू पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भुनेश्वर यादव निवासी ग्राम कमदढोढ़ी ने गांव के ही कुछ लोगों के पशुक्रुरता में संलिप्त होने की सूचना देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थी की शिकायत के आधार पर ही पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,5,10,11 एवं पशु क्रुरता अधिनियम 2004 की धारा 11 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी। इसी बीच कापू पुलिस को कुछ व्यक्तियों द्वारा जंगल में मवेशियों को बूचड़ खाने ले जाने की सूचना मिली थी। पुलिस को 24 अप्रैल की रात्रि करीब 12 से 1 बजे गांव के मार्शल कुजूर उम्र 32 वर्ष, नोना कुजूर उम्र 35 वर्ष, जारसेल कुजूर उम्र 20 वर्ष, संतोष खेस उम्र 26 वर्ष, बबलू कुजूर उम्र 22 वर्ष, कार्तिक एक्का उम्र 22 वर्ष, संतराम मिंज उम्र 32 वर्ष निवासी कमदढोढी गोहेसिशलार, द्वारा नोना कुजूर के मवेशी को मारने की जानकारी मिली। जिस पर कार्रवाई की गई है।




### पिकअप चालक ने फांसी लगाकर दी जान

**रायगढ़।** एक पिकअप चालक ने अज्ञात कारण से अपने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया है। जानकारी के अनुसार जूटमिल थाना क्षेत्र के मिटठूमुड़ा दुर्गा चौक स्थित यादवपारा निवासी लखन यादव पिता रामभरोस यादव 24 वर्ष पिकअप चालक था जो विगत दो साल पहले चौहान समाज की लडक़ी से प्रेम विवाह किया थाए जिसकी सूचना मिलने पर परिजनों ने उसे अलग कर दिया, जिससे वह अपने घर के पास ही किराए के मकान में अपनी पत्नी के साथ रह रहा था। इस दौरान बुधवार को दोपहर में जब उसकी पत्नी घर में नहीं थीए तब उसने अपने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। वहीं कुछ देर बाद जब उसकी पत्नी घर पहुंची तो फांसी पर लटकते देख शोर मचाई, जिससे आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंच कर घटना की सूचना पुलिस को दिया।

